28 Apr 2020

Social media
Share this article

# रायपुर : छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति को चेकपोस्ट में देनी होगी पूरी जानकारी

**बिना जानकारी दिए प्रवेश करने वालों पर होगी कठोर दण्डात्मक कार्रवाई**

**चेक पोस्ट पर जानकारी दर्ज होने और प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच के बाद ही मिलेगा प्रवेश**

**राज्य सरकार के जारी किए निर्देश**

रायपुर, 28 

कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण की रोकथाम के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है कि अब प्रदेश की सीमा में प्रवेश करने के पूर्व सीमा में बनाए गए चेक पोस्ट पर श्रमिक उस व्यक्ति को अपनी पूरी जानकारी और यात्रा विवरण देना होगा जो छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगा। यदि कोई व्यक्ति बिना जानकारी दिए प्रवेश करते पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में प्रवेश के पूर्व लोगों को चेकपोस्ट में अपनी पूरी जानकारी और यात्रा विवरण दर्ज कराना होगा और यहां उनके प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच के बाद ही उन्हें राज्य की सीमा में जाएगा। यदि कोई इसका उल्लंघन करेगा तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए है।

TAGS:

Print this article